# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 02.06.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– लोकसभा चुनाव के तहत चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी–आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में की गई मॉकड्रिल।

2– आयुष्मान भारत योजना में कुछ पंजीकृत निजी अस्पताल प्रबंधन की मनमानी पर राज्य सरकार ने की कार्रवाई–तीस से अधिक अस्पतालों पर लगाया जुर्माना।

3– सुकमा जिले में चार इनामी सहित आठ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कुछ जिलों में लू चलने की जताई संभावना–आज कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज–तेज हवाओं के साथ हुई बारिश।

<u>मतगणना–तैयारी</u>

लोकसभा चुनाव के तहत देशभर सहित छत्तीसगढ़ में भी चार जून को मतगणना होगी, जिसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रशासन स्तर पर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। छत्तीसगढ़ के ग्यारह संसदीय क्षेत्रों की मतगणना सभी तैंतीस जिला मुख्यालयों में की जाएगी।

मतगणना की तैयारियों को लेकर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में मॉकड्रिल किया गया। मोहला–मानपुर के शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में कलेक्टर एस. जयवर्धन की मौजूदगी में मॉकड्रिल किया गया।

वहीं, अंबिकापुर कलेक्टर विलास भोसकर आज पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचे। इस दौरान मतगणना कार्य में नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की तैयारियों को परखने मतगणना स्थल पर ड्राई रन किया गया। इस मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इधर, जांजगीर–चांपा जिला कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने जिले के मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने मतगणना के दिन निर्धारित समय पर अधिकारी–कर्मचारियों को पहुंचने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि जिले के पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्ट्रांग रूम को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग अधिकारी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा।

<u>प्रधानमंत्री–चुनाव आयोग सराहना</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में निर्वाचन आयोग की भूमिका की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयोग के समर्पण और सुव्यवस्थित प्रयासों के कारण भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था और प्रगाढ़ हुई है तथा देशवासियों ने आत्मविश्वास के साथ मतदान किया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास बढ़ाती है। प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों की भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के कारण मतदान सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ और लोग सहजता से चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो पाए।

निजी अस्पताल–कार्रवाई

केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में कुछ पंजीकृत निजी अस्पताल प्रबंधन की मनमानी और फर्जीवाड़े पर राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीस से अधिक पंजीकृत अस्पतालों पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गौरतलब है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत भर्ती मरीजों से फीडबैक ली जा रही है। इसमें मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने, उपचार में शिकायत, अस्पताल में साफ–सफाई के साथ चिकित्सक और स्टाफ के व्यवहार संबंधी जानकारी शामिल हैं। ऐसे अस्पताल जिनके द्वारा अतिरिक्त राशि लेने की पुष्टि हुई है, उनके खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। जिले के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिला स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम बनाकर निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जाए।

एक्जिट पोल–प्रतिक्रिया

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टीवी चैनलों और अन्य एजेंसियों ने चुनाव पश्चात् के सर्वेक्षण परिणाम जारी किए हैं। इनमें से अधिकतर में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा।

इन परिणामों से संकेत मिलता है कि पांच सौ पैंतालीस सदस्यों वाली लोकसभा में एनडीए को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। लोकसभा में सामान्य बहुमत के लिए दो सौ बहत्तर सीट की आवश्यकता होती है। चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्यक्त किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को लोकसभा में एक सौ पच्चीस से डेढ सौ तक सीट मिल सकती है।

एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह पहले से ही तय था कि देश की जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी ग्यारह सीटें भाजपा को मिल रही हैं।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि ये अनुमान इस बात के प्रमाण है कि भाजपा ने भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता–जनार्दन के निर्णय का धरातल पर रहकर सटीक आंकलन किया है।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे भ्रामक है। कांग्रेस, पार्टी इन नतीजों को खारिज करती है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को जब एक्जिट पोल के नतीजे आएंगे, तब देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

व्यापमं–परीक्षा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा नौ जून को पीएटी, पीपीटी के साथ ही प्री–बीए बीएड और प्री–बीएससी बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इन प्रवेश परीक्षाओं के लिए व्यापमं ने प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापमं की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यूआरएल भी भेजा जाएगा, जिससे वे अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंटआउट ले सकते हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में फोटोयुक्त आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड और आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र ले जाना अनिवार्य होगा। आईडी की फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी।

पीएटी और पीपीटी की परीक्षाएं सुबह की पाली में और प्री–बीए बीएड और प्री–बीएससी बीएड परीक्षा का आयोजन दूसरी पाली में किया जाएगा।

माओवादी आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज चार इनामी सहित आठ माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर दो लाख और तीन माओवादियों पर एक–एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने राज्य सरकार की "छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' और सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "पूना नर्कोम अभियान'' से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। इन माओवादियों ने सीआरपीएफ के अधिकारी और उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। इन पर पुलिस पार्टी पर हमला करने, सड़क काटने और ग्रामीणों से वसूली करने सहित अन्य घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

माओवादियों के आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि राज्य सरकार की "छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति" और "नियद नेल्लानार योजना" से प्रभावित होकर माओवादी बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन माओवादियों के पुनरुत्थान के लिए राज्य सरकार तत्पर है।

रायपुर पुलिस–पहल

रायपुर पुलिस ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए एक अनूठी पहल की है। इसके तहत शहर के सभी प्रमुख चौक–चौराहों पर शेड लगाया गया है।
इससे ट्रैफिक सिग्नल पर रूकने वाले दोपहिया वाहन चालकों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। इन अस्थायी शेड के जरिये रायपुर पुलिस मादक पदार्थों के विरूद्ध शुरू किए गए अभियान ''निजात'' को भी जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

पर्यावरण दिवस–कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने आज भारतीय सेना मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया कार्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेंध झील में एक समारोह का आयोजन किया गया। "ऑलिव ग्रीन विथ गो ग्रीन" विषय पर आयोजित इस समारोह में रायपुर के विभिन्न संस्थानों के छात्र–छात्राएं, सेना के जवान और अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान सेंध झील के आसपास स्वच्छता अभियान, वॉकथॉन और संगीत समारोह जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ग्लोबल वार्मिंग, मरुस्थलीकरण और भूमि बहाली, सूखा लचीलापन, जल संचयन और वृक्षारोपण जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के बारे में संदेश जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

मौसम

मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार आज बिलासपुर, कोरबा, राजनांदगांव समेत आठ जिले ग्रीष्म लहर की चपेट में रहेंगे। वहीं, कल बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर–चांपा और कबीरधाम जिले में लू चल सकती है।

इधर, बिलासपुर के अपर कलेक्टर आर.ए. कुरुवंशी ने भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर उद्योग, व्यापार और विभिन्न सेवाओं से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अपने संस्थान में कार्यरत श्रमिकों और स्वयं के बचाव के लिए उपाय करने के निर्देश दिए।

इस बीच, दुर्ग–भिलाई के कुछ स्थानों में आज दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवा के साथ बारिश हुई।

वहीं, जगदलपुर में भी कुछ स्थानों पर गरज–चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इधर, रायगढ़ जिले में बीती रात तेज आंधी–तूफान के कारण सौ से ज्यादा पेड़ उखड़ गए, जिससे बीस से अधिक बिजली के खंबे धराशायी हो गए। साथ ही होर्डिंग्स भी उड़ गए। इसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई। वहीं, आज दोपहर बाद रायगढ़ में फिर से मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

मौसम विभाग ने मानसून के दस से बारह जून तक छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचने की संभावना जताई है, जिसके बाद अट्ठारह से बीस जून तक पूरे प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के आसार हैं।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– राजनांदगांव जिले के ग्राम बरेठटोला में ट्रैक्टर पलटने से उसमें दबकर दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक ग्राम कोलिहाटोला के रहने वाले थे।

– कबीरधाम जिले के इंदौरी गांव में पेट्रोल पंप के पास एक चारपहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>